प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

### प्रशासनिक भवन रहा स्टाफ स्पोर्ट्स एथलेटिक मीट का चैम्पियन
### रस्साकसी पुरूष वर्ग में सुरक्षा विभाग व महिला वर्ग में प्रौद्योगिक महाविद्यालय रहा अव्वल
### पंतनगर स्टाफ स्पोर्ट्स एथलेटिक मीट सम्पन्न

पंतनगर। 15 मई 2023। विश्वविद्यालय के कर्मियों की 25वीं स्टाफ एथलेटिक प्रतियोगिता 10–13 मई 2023 तक विश्वविद्यालय के स्टीवेंसन स्टेडियम में आयोजित की गई थी, जिसमें प्रशासनिक भवन के सबसे अधिक कर्मियों ने भाग लेकर कुल 47 पदक प्राप्त कर चैम्पियन होने का गौरव हासिल किया। विश्वविद्यालय की कार्यवाहक कुलपति व कुलसचिव डा. दीपा विनय ने प्रशासनिक भवन के खिलाड़ियों को चैम्पियन ट्राफी भेंट की, जबकि रस्साकसी के पुरूष वर्ग में सुरक्षा विभाग ने कृषि महाविद्यालय को जबकि महिला वर्ग में प्रौद्योगिक महाविद्यालय ने प्रशासनिक भवन की टीम को हरा कर प्रतियोगिता में अव्वल रहा।

विश्वविद्यालय के स्टीवेंसन स्टेडियम में आयोजित स्टाफ स्पोर्ट्स के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि कार्यवाहक कुलपति व कुलसचिव डा. दीपा विनय ने स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में सभी विजयी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगितायें व्यक्तित्व विकास में सहायक होती हैं। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण व स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष डा. बृजेश सिंह ने कहा कि चार–दिवसीय इस प्रतियोगिता में सभी कर्मियों ने खेल भावना का परिचय देते हुए प्रतियोगिता को सम्पन्न कराया। क्लब के सचिव प्रभाकर जोशी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता स्नातकोत्तर डा. आरवी रावरेकर, निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल, शारीरिक शिक्षा विभाग की प्रभारी डा. पूनम त्यागी, डा. जी.एस. बोहरा, डा. एच.एच. पपोला, डा. भाष्कर तिवारी, अशोक कुमार कुशवाहा, सुदीश राय, विजय सिंह कुंवर, रजनीश पाण्डेय, सुरेश गंगवार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संयोजक योगेश पंत ने किया।



*चैम्पियन ट्रॉफी के साथ प्रशासनिक भवन की टीम।*